# मुख्यमंत्री नि:शुल्क बिजली योजना (घरेलू अनुदान) का बढ़ा दायरा

## चर्चा में क्यों?

2 जून, 2023 को राजस्थान के सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश के घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं को अधिक से अधिक राहत प्रदान करने हेतु मुख्यमंत्री नि:शुल्क बिजली योजना (घरेलू अनुदान) का दायरा बढ़ा दिया है।

## प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री नि:शुल्क बिजली योजना (घरेलू अनुदान) का दायरा बढ़ाने के तहत अब 100 यूनिट्स प्रतिमाह तक बिजली उपभोग करने वाले घरेलू उपभोक्ताओं का बिजली बिल शून्य होने के साथ ही समस्त घरेलू उपभोक्ताओं को 100 यूनिट्स प्रतिमाह से अधिक उपभोग होने पर भी पहले 100 यूनिट्स बिजली नि:शुल्क दी जाएगी।
- इसी प्रकार 200 यूनिट्स प्रतिमाह तक बिजली उपभोग करने वाले घरेलू उपभोक्ताओं के पहले 100 यूनिट्स नि:शुल्क बिजली के साथ 200 यूनिट्स तक के स्थायी शुल्क, फ्यूल सरचार्ज एवं अन्य सभी शुल्क भी माफ होंगे।
- जयपुर डिस्कॉम के प्रबंध निदेशक आर. एन. कुमावत ने बताया कि इस योजना का लाभ बिलिंग माह जून, 2023 से दिया जाना है, जिसके लिये बिलिंग सॉफ्टवेयर में आवश्यक बदलाव किये जा रहे हैं।
- योजना के अनुसार बिलिंग सॉफ्टवेयर में आवश्यक बदलाव करने में 3 से 4 दिन का समय लगना संभावित है। इसके बाद ही घरेलू उपभोक्ताओं की माह जून, 2023 की बिलिंग शुरू कर दी जाएगी।
- उल्लेखनीय है कि 2000 यूनिट्स तक के उपभोग वाले कृषि उपभोक्ताओं को नि:शुल्क बिजली हेतु बिलिंग सॉफ्टवेयर में आवश्यक बदलाव करवाए जा चुके हैं। इसलिये घरेलू उपभोक्ताओं के अतिरिक्त अन्य सभी श्रेणी जैसे कृषि, औद्योगिक, वाणिज्यिक श्रेणी के उपभोक्ताओं की माह जून, 2023 की बिलिंग 4 जून से प्रारंभ की जा चुकी है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/increased-domestic-grant-of-chief-minister-free-electricity-scheme